**मीडिया समन्वय कार्यालय**

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया**

प्रेस विज्ञप्ति 29 जून 2017

## जेएमआई ने प्रवेश परीक्षाएं देने वाले सभी उम्मीदवारों का स्कोर कार्ड जारी करके पारदर्शिता का मानदंड बनाया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने इस अकादमिक सत्र के लिए अपने यहां प्रवेश परीक्षाएं देने वाले सभी उम्मीदवारों का स्कोर कार्ड जारी करके पारदर्शिता का एक मानदंड बनाया है।

जेएमआई के ऑफिस ऑफ एक्ज़ामिनेशन कंट्रोलर :सीओईः ने जेईई मेंस, एनईईटी और अन्य राष्ट्रीय स्तरीय प्रवेश परीक्षाओं की तर्ज़ पर ये स्कोर कार्ड जारी करके अपने विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं को भी पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है। जहां तक केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं का सवाल है, ऐसा करके जेएमआई ने एक मानदंड स्थापित किया है।

स्कोर कार्ड में प्रवेश परीक्षाएं देने वाले उम्मीदवारों की सभी महत्वपूर्ण जानकारियों को शामिल किया गया है। इसमें उम्मीदवार का फोटोग्राफ, उसके द्वारा दी गई व्यक्तिगत जानकारियां, लिखित परीक्षा और इंटरव्यू में पाए गए अंकों को उपलब्ध कराया गया है।

कंट्रोलर एवं डेप्युटी कंट्रोलर ऑफ एक्ज़ाम्स ने बताया कि सीओई कार्यलाय ने उम्मीदवारों को एसएमएस करके उन्हें अपना स्कोरकार्ड डाउनलोड करने को कहा है।

जेएमआई के वाइस चांसलर प्रो तलत अहमद ने कहा, ‘‘ इन बदलावों से हमारे विश्वविद्यालय ने प्रवेश परीक्षाओं में पारदर्शिता का एक नया मानदंड स्थापित किया है। प्रभावशाली, उम्मीदवार अनुकूल और विश्व स्तरीय व्यवस्था के ज़रिए श्रेष्ठ छात्रों को आकर्षित करने के हमारे प्रयासों का यह एक हिस्सा है।’’

प्रो. साइमा सईद

मीडिया कोऑर्डनैटर ज्ञतनजप क्मअ 010